संपादकीय

तेल की नकेल

ऐसे वक्त में जब कोविड संकट से उबरती अर्थव्यवस्थाएं पटरी पर लौट रही हैं, तेल उत्पादक देशों की मनमानी दुनिया के तमाम देशों के लिये मुश्किलें खड़ी कर रही हैं। दरअसल, वे जानबूझकर तेल का उत्पादन कम कर रहे हैं ताकि तेल के दाम अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ऊंचे रहें। निस्संदेह दुनिया की लोकतांत्रिक सरकारों की अर्थव्यवस्थाएं इस महंगे कच्चे तेल से चरमरा ही रही हैं, जनता में बढ़ता आक्रोश भी सरकारों के लिये सिरदर्द साबित हो रहा है। ऐसे में तेल उत्पादक देशों की मनमानी पर नकेल डालने के मकसद से दुनिया के बड़े तेल उपभोक्त। देशों ने अपने आपातकालीन भंडार से कच्चा तेल निकालने का सामूहिक फैसला लिया है। मकसद यही है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल के दामों में कमी लायी जा सके। निस्संदेह, कच्चे तेल निर्यातक देशों को नाथने के लिये ऐसी कवायद दुनिया में पहली बार की गई है। दरअसल, हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ने ऑर्गेनाइजेशन ऑफ पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज प्लस से कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ाने को कहा था। लेकिन इस संगठन ने दुनिया की इस मांग को कान नहीं धरा, जिसके बाद ही बाइडेन प्रशासन ने अन्य बड़े तेल उपभोक्त। देशों के साथ स्ट्रैटेजिक ऑयल रिजर्व से तेल निर्गत करने की योजना को मूर्त रूप दिया। भारत ने भी इस दिशा में कदम बढ़ा दिये हैं और अपने आपातकालीन भंडारण से पचास लाख बैरल तेल निकालने का फैसला लिया है। कुछ लोग इस फैसले को आसन्न विधानसभा चुनाव से जोड़कर भी देख रहे हैं। कयास लगाये जा रहे हैं कि इस तेल के बाजार में आने से तेल के दामों में गिरावट आ सकती है। लेकिन चिंता इस बात की भी है कि यदि रुपये के मूल्य का अवमूल्यन हुआ तो तेल के आपातकालीन भंडारण के उपयोग का लाभ शायद ही मिल पाये। अमेरिका के अलावा ब्रिटेन, जापान व चीन में भी इस तरह के फैसले लेने की बात कही जा रही है।

दुनिया में मांग उठ रही है कि कच्चे तेल के दामों का निर्धारण बाजार की शक्ति यों द्वारा हो न कि तेल उत्पादक देशों की मनमानी से। ये देश बाजार की मांग के मुकाबले कम तेल की आपूर्ति से अपना एकाधिकार रखते हैं, जिसके चलते पूरी दुनिया में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में भारी उछाल आया है, वह भी ऐसे समय में जब कोरोना संकट से लोगों की क्रय शक्ति में कमी आई है। कच्चा तेल का महंगा होना उन्हें चुभ रहा है। लोग सरकारों के खिलाफ सड़कों पर उतर रहे हैं। पेट्रोलियम पदार्थ महंगे होने से दुनिया में अप्रत्याशित महंगाई होने से जनता में आक्रोश बढ़ा है। इसके मद्देनजर अमेरिका व भारत समेत कुछ बड़ी अर्थव्यवस्थाओं ने संकट काल के लिये रखे तेल के एक भाग के उपयोग का फैसला किया है। कयास लगाये जा रहे हैं कि यदि पेट्रोलियम कंपनियां घटती कीमतों का लाभ उपभोक्त ाओं को दें तो इसकी कीमत में दो से तीन रुपये की गिरावट आ सकती है। साथ ही एलपीजी के दामों में भी कमी आ सकती है। बाजार के पंडित कयास लगा रहे हैं कि अमेरिका, चीन व भारत आदि बड़े देशों के आपातकालीन भंडारण के उपयोग से कच्चे तेल के दाम वर्तमान 80 डॉलर बैरल से घटकर सत्तर डॉलर प्रति बैरल तक आ सकते हैं। भारत के ईस्ट व वेस्ट कोस्ट में तीन स्थानों पर अनुमानित 3.8 करोड़ बैरल कच्चे तेल का भंडारण है, जिसमें से पचास लाख बैरल यानी करीब अस्सी करोड़ लीटर तेल रिलीज किया जायेगा। इसमें जरूरत के हिसाब से वृद्धि भी की जा सकती है जिसे मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्प लिमिटेड को बेचा जायेगा, जो रिफाइनरी पाइपलाइन के जरिये स्ट्रैटेजिक रिजर्व से जुड़ी हैं। दरअसल, दुनिया के बड़े देश ऊर्जा संकट व तेल आपूर्ति में बाधा की आशंका के चलते नब्बे दिनों के लिये आपातकालीन भंडारण रखते हैं। इस संकट को दूर करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की स्थापना की गई थी। इसके तीस सदस्यों में भारत भी शामिल है।

यूपी में करदाताओं की बढ़ती तादाद अर्थव्यवस्था में सुधार का द्योतक : वित्त मंत्री सीतारमण

लखनऊ। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने विकास को लेकर योगी सरकार के प्रयासों की तारीफ करते हुये कहा कि हाल के वर्षो में प्रदेश में करदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है जो दर्शाता है कि राज्य की अर्थव्यवस्था सुधार के दौर से गुजर रही है।

केंद्रीय अप्रत्क्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के अलंकरण समारोह में हिस्सा लेने आयी सीतारमण ने योगी सरकार द्वारा राज्य में कराए गए विकास कार्यों और लोगों को रोजगार मुहैया करने को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होने कहा कि राज्य की

बेहतर हुई अर्थव्यवस्था और बड़े पैमाने पर हो रहे निवेश के चलते उत्तर प्रदेश में टैक्स पेयर्स की संख्या बढ़ी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश से 21.83 लाख आईटीआर फाइल हो रहा है। वर्ष 2016 की तत्कालीन सपा सरकार के कार्यकाल में ये संख्या चार लाख से कम थी।

उन्होने कहा कि बीते एक वर्ष में आईटीआर काफी बढ़ा है। प्रत्यक्ष कर ज्यादा आने से विकास कार्यों में तेजी आती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा दिया। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए एमएसएमई सेक्टर पर दिए गए विशेष ध्यान के चलते इस सेक्टर में बड़े पैमाने पर रोजगार मिला। साढ़े चार लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी मिली। इस तरह के तमाम प्रयासों के चलते टैक्स पेयर्स की संख्या बढ़ा। ये बड़ा बदलाव है, प्रदेश सरकार के प्रयासों से ही यह संभव हुआ है। अब डायरेक्ट टैक्स ज्यादा आने से प्रदेश के विकास कार्यों में तेजी आएगी।

केंद्रीय वित्तमंत्री ने कोरोना संक्रमण से लोगों को बचाने के लिए मुफ्त वैक्सीन लगाने और लोगों को मुफ्त इलाज कराने को लेकर सरकार के किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। यूपी में सबसे ज्यादा कोविड टेस्ट किए है और रिकार्ड वैक्सीनेशन हुआ है। शहर से लेकर गांव तक में हर व्यक्ति का कोरोना वैक्सीन लगाने का पुख्ता प्रबन्ध राज्य सरकार ने किया है। कोरोना से लोगों को बचाने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों को संसार भर में सराहा गया है।

सरसों तेल और वनस्पति सस्ता, चावल महंगा

नई दिल्ली। स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने के बीच आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल 219 रुपये और वनस्पति 146 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि जिसों में चावल 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त पड़ने से घरेलू बाजार में सरसों तेल219 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति 146 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। इस दौरान मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी : ग्राहकी कमजोर पड़ने से मीठे के बाजार में नरमी रही। इस दौरान गुड़ और चीनी के भाव स्थिर रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में भी टिकाव रहा। इस दौरान चना, चना दाल, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज अनाज मंडी में गेहूं स्थिर रहा जबकि चावल 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया।

आरबीआई ने एसबीआई पर ठोका एक करोड़ का जुर्माना

मुंबई। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ऋण लेने वाली कंपनी में अधिकतम सीमा से अधिक शेयर हासिल करने के आरोप में देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक स्टेट बैंक (एसबीआई) पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना ठोका है।

आरबीआई ने जारी बयान में बताया कि एसबीआई की 31 मार्च 2018 और 31 मार्च 2019 की वित्तीय स्थिति के अलोक में रिजर्व बैंक की टीम ने जांच की थी। जांच में पाया गया कि एसबीआई ने ऋण लेने वाली कंपनी में अधिकतम सीमा से अधिक शेयर हासिल किया है। किसी भी बैंक के लिए प्लेजिंग की सीमा पेड-अप शेयर कैपिटल का अधिकतम 30 फीसदी तक हो सकती है। इसके बाद एसबीआई से इस संबंध में जवाब मांगा गया था। एसबीआई की ओर से मिले जवाब के बाद केंद्रीय बैंक इस नतीजे पर पहुंचा कि स्टेट बैंक ने बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 की धारा 19 (2) के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। इस बाद एसबीआई पर यह जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई की ओर से यह आदेश 16 नवंबर 2021 को ही जारी कर दिया गया था।

पंजाब का मान बढ़ा रहे अरायजीत सिंह; हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप के लिए प्रदेश से चुने गए इकलौते खिलाड़ी

चंडीगढ़। 24 नवंबर से लेकर 5 दिसंबर तक ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित होने वाले पुरुष हाकी जूनियर वर्ल्ड कप में स्प्रिंग डेल स्कूल के पूर्व विद्यार्थी अरायजीत सिंह हुंदल अपनी प्रतिभा दिखाएंगे. यह जानकारी पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया ने अपने सोशल मीडिया के माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म च्शश्र्श्व के माध्यम से दी है। अपनी च्शश्र पोस्ट के माध्यम से वह कहते हैं कि मजीठा विधानसभा क्षेत्र के पाखरपुर गांव के मेधावी युवा अरायजीत सिंह हुंदल ने अपने क्षेत्र समेत पूरे

पंजाब को गौरवान्वित किया है। वह 24 नवंबर से 5 दिसंबर तक भुवनेश्वर (ओडिशा) में होने वाले हॉकी जूनियर विश्व कप में भारतीय टीम के लिए खेलने वाले पंजाब के एकमात्र खिलाड़ी हैं। मैं भारतीय टीम और अरायजीत सिंह को इस विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं देता हूँ।

यह भी बता दें कि टीम इंडिया ने अपने से कमजोर रैंकिंग वाली कनाडा को एकतरफा मुकाबले में 13-1 के बड़े अंतर से हराया। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मेजबान भारत ने संजय और अरायजीत सिंह हुंदल की हैट्रिक के दम पर कनाडा को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

मैच की बात करें तो भारत पूरे समय कनाडा पर हावी रहा। टीम को 11 पेनाल्टी कॉर्नर मिले, जिसमें उसने छह को गोल में तब्दील किया। भारत को अब अगला मुकाबला शनिवार को पोलैंड के खिलाफ खेलना है और उससे पहले मिली जीत से खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ेगा। भारत की यह टूर्नामेंट में पहली जीत है। 18 सदस्यीय भारतीय टीम में अरायजीत सिंह हुंदल के अलावा अन्य खिलाड़ियों में शारदानंद तिवारी, प्रशांत चौहान, सुदीप चिरमाको, राहुल कुमार राजभर, मनिंदर सिंह, पवन, विष्णुकांत सिंह, अंकित पाल, उत्तम सिंह, सुनील जोजो, मनजीत, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम, अभिषेक लाकड़ा, यशदीप सिवाच, गुरमुख सिंह, विवेक सागर और संजय शामिल हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय का स्वच्छ कार्यालय अभियान

नई दिल्ली। स्वच्छता की भावना को अतिरिक्त प्रोत्साहन देते हुए, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने एक विशेष कार्यालय स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें पुरानी फाइलों और अनुपयोगी वस्तुओं के संग्रह का नीलामी द्वारा निपटान शामिल था।

स्वच्छता अभियान के तहत केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास और

उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एमईआईटीवाई कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया। एमईआईटीवाई के सचिव अजय साहनी ने भी बाद में दिन में एक निरीक्षण किया, जिसके बाद भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) द्वारा अंतिम निरीक्षण किया गया।

प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआर एंड पीजी) द्वारा लंबित मामलों के निपटान के लिए स्वच्छता आकलन विशेष अभियान शीर्षक वाली मूल्यांकन रिपोर्ट में, एमईआईटीवाई द्वारा चार पहलों को सर्वोत्तम अभ्यास - उल्लेखनीय पहल सूची में शामिल किया गया था।

अक्षर के पंजे से 296 पर सिमटा न्यूजीलैंड, तीसरे दिन भारत को मिली 49 रन की बढ़त

कानपुर । लेफ्ट आर्म स्पिनर अक्षर पटेल (62 रन पर पांच विकेट) और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (82 रन पर तीन) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने यहां पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन न्यूजीलैंड को पहली पारी में 296 रन पर समेट दिया। इसी के साथ भारत के पास अब 49 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हो गई है। ग्रीन पार्क मैदान पर करिश्माई स्पिन गेंदबाजी करते हुए अक्षर ने टेस्ट करियर में एक पारी में चौथी बार पांच विकेट लिए। अक्षर ने रविचंद्रन अश्विन के साथ मिल कर सुबह भारतीय टीम की वापसी कराई। न्यूजीलैंड ने आज बिना किसी नुकसान के 129 रन की अच्छी स्थिति से आगे खेलना शुरू किया। टॉम लाथम और विल यंग दोनों सलामी बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआती की, लेकिन रविचंद्रन अश्विन ने 151 के स्कोर पर विल का विकेट लेकर इस साझेदारी को तोड़ दिया। विल 89 रन बना कर आउट हुए। सुबह के सत्र में कप्तान केन विलियम्सन के रूप में न्यूजीलैंड का एक और विकेट गिरा वह तेज गेंदबाज उमेश यादव का शिकार बने और

पगबाधा आउट होकर पवेलियन लौटे। इसके बाद अक्षर ने किसी भी बल्लेबाज को क्रीज पर टिकने नहीं दिया और एक के बाद एक विकेट लिए।अक्षर पटेल ने दोपहर के सत्र में तीन विकेट चटकाए और भारत को मैच में अच्छी स्थिति में खड़ा कर दिया। अक्षर ने दूसरी नई गेंद के साथ गेंदबाजी करते हुए रॉस टेलर, हेनरी निकोल्स और टॉम लाथम को आउट किया। उन्होंने चाय के बाद टॉम ब्लंडेल और टिम साउदी का भी विकेट चटकाया। उनके साथ अनुभवी स्पिनर अश्विन ने भी शानदार गेंदबाजी की और 42.3 ओवर में 82 रन देकर तीन विकेट चटकाए। अश्विन ने विल यंग, काइल जैमिसन और विलियम सोमरविल को अपना शिकार बनाया। इसके अलावा रवींद्र जडेजा ने एक विकेट लिया। न्यूजीलैंड की तरफ से लाथम ने सर्वाधिक 95 रन बनाए।

आज का राशिफल

मेष : आपका आज का दिन मानसिक व्यग्रता से भरा रहेगा। आज भावना के प्रवाह में कुछ अधिक ही बह न जाएं इसका ध्यान रखिएगा।

वृषभः आज आप तन और मन से हलकापन अनुभव करेंगे। आपके उत्साह में वृद्धि होगी। मन भी संवेदनशीलता से भरा रहेगा।

मिथुनः आपके कार्य निर्धारित रुप से संपन्न होंगे। आर्थिक आयोजन में प्रारंभ में कुछ बाधाएं आएंगी, लेकिन बाद में फिर आपके मार्ग खुलते हुए दिखेंगे।

कर्कः मित्रों व सेहीजनों के साथ आज का दिन बहुत उल्लासमय वातावरण में आप बिताएंगे। प्रवास या यात्रा की संभावनाएं है। सुरुचिपूर्ण भोजन का स्वाद ले सकेंगे। भावनाशील भी रहेंगे।

सिंहः अधिक भावुकता के कारण आपके मन में व्यग्रता रहेगी। स्त्रीवर्ग से आज संभलकर चलिएगा। दलीलबाजी या चर्चा, विवाद से बचिएगा।

कन्याः आज का दिन आनंद-उल्लास में बीतेगा। आज विविध क्षेत्रों में आपको लाभ मिलेगा। इससे स्त्री मित्रों की भूमिका महत्त्वपूर्ण रहेगी।

तुला : आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरी या व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए अनुकूल वातावरण रहेगा। उच्चाधिकारियों के साथ आप महत्त्वपूर्ण चर्चा करेंगे।

वृश्चिकः नौकरी या व्यावसायिक स्थल पर संभलकर कार्य कीजिएगा। उच्चाधिकारियों के नकारात्मक रवैए के कारण आपको कष्ट हो सकता है।

धनुः आज किसी भी नए कार्य का प्रारंभ न करने के लिए गणेशजी सूचन करते हैं। बीमारी के उपचार का भी प्रारंभ न करिएगा।

मकरः आज आपका दिन शुभ बीतेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में आपका व्यापार विकसित होने की बहुत संभावनाएं हैं। दलाली, कमीशन, ब्याज आदि की आय में वृद्धि होगी।

कुंभः आज का आपका दिन आपके लिए आनंददायी होगा। कार्य में सफलता तथा यश-कीर्ति प्राप्त होगी। परिवारजनों के साथ अच्छी तरह से दिन बीतेगा।

मीनः आज आपकी सृजनशक्ति में अधिक निखार आएगा। कल्पना शक्ति के कारण आज आप साहित्य के विश्व की सैर करेंगे।

खाने में टमाटर की जगह इस्तेमाल की जा सकती हैं ये चीजें

बेमौसम बारिश और कम आपूर्ति के कारण कई जगहों पर टमाटर के दाम तीन गुना बढ़ गए हैं, जिसके कारण आम आदमी की थाली से यह गायब होता जा रहा है और सब्जियों का स्वाद भी कम हो रहा है। हालांकि, आप चाहें बिना टमाटर के भी अपने खाने का स्वाद बढ़ा सकते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताते हैं, जिनका इस्तेमाल आप अपने खाने में टमाटर की जगह कर सकते हैं।

इमली- बढ़ते दाम के कारण अगर आप टमाटर नहीं खरीदना चाहते हैं तो आप इसकी जगह अपने खाने में इमली का

इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए थोड़ी सी इमली को पानी में डालें और जब आप सब्जी या चटनी बनाने जा रहे हों तो उससे पहले इमली के पानी की इमली को हाथ से तब तक मलें, जब तक कि उसका बीज बाहर न आ जाए। अब इमली के पानी को छानकर सब्जी की ग्रेवी या फिर चटनी में मिलाएं।

टोमेटो सॉस- अगर आपके घर में टोमेटो सॉस है तो आप इसका इस्तेमाल भी टमाटर की जगह खाने में कर सकते हैं। जब आपको किसी खाने में थोड़े

मिठास वाले स्वाद के लिए टमाटर की जरूरत हो तो आप टोमेटो सॉस का इस्तेमाल कर सकते हैं। उदाहरण के लिए पनीर की सब्जी बनाते समय टोमेटो सॉस डाली जा सकता है। वहीं, जिन व्यंजनों में आपको तीखापन और टमाटर का रंग चाहिए वहां आप चिली सॉस के साथ टोमेटो सॉस डाल सकते हैं।

कद्दू- कद्दू एक ऐसी सब्जी है, जिसमें टमाटर की तरह मिठास और गाढ़ापन होता है यानी जिन व्यंजनों को बनाते समय आप गाढ़ापन लाने के लिए

टमाटर की प्यूरी का इस्तेमाल करते हैं वहां आप कद्दू से प्यूरी बनाकर उसका इस्तेमाल कर सकते हैं। कद्दू की प्यूरी बनाने के लिए आपको बस कद्दू को छिलें, फिर उसे मिक्सी में पीसकर इस्तेमाल करें। इसके अतिरिक्त, आप जहां-जहां टमाटर को बारीक काटकर मिलाते थे, वहां आप कद्दू को काटकर भी मिला सकते हैं।

अमचूर और सिरका - चटनी हो या फिर चटनी, जिन चीजों को बनाते समय आपको टमाटर का खट्टापन चाहिए वहां आप टमाटर की जगह

अमचूर या फिर सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि, इनका इस्तेमाल करते वक्त ध्यान रखें कि इन्हें अधिक मात्रा में चीजों में नहीं डालना है, नहीं तो ये ज्यादा खट्टा बनाकर सब्जी का स्वाद भी बिगाड़ सकते हैं। अमचूर और सिरके के अलावा, दही और आंवले के पाउडर का इस्तेमाल करके भी खाने में खट्टापन लाया जा सकता है।

नंदिता दास की अगली फिल्म में नजर आएंगे कपिल शर्मा

कॉमेडियन कपिल शर्मा अपनी कॉमेडी के लिए मशहूर हैं। एक तरफ वह अपने कॉमेडी शो को लेकर चर्चा में हैं तो दूसरी तरफ अब एक फिल्म को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं।

सुनने में आ रहा है कि कपिल ने जानी-मानी अभिनेत्री और निर्देशक नंदिता दास से एक फिल्म के लिए हाथ मिला लिए हैं। दोनों के बीच बातचीत जारी है और जल्द ही इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, नंदिता दास अब एक नई फिल्म पर काम कर रही हैं, जिसमें वह लीड रोल के लिए कपिल शर्मा को साइन करने वाली हैं। नंदिता ना सिर्फ इस फिल्म का निर्देशन करेंगी, बल्कि समीर नायर के साथ फिल्म के को-प्रोडक्शन का काम भी संभालेंगी। कपिल के साथ उनकी बातचीत अंतिम चरण पर है। दोनों साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। बताया जा रहा है कि कपिल की यह फिल्म कॉमेडी नहीं होगी।

कपिल शर्मा ने कॉमेडी फिल्म किस किसको प्यार करूं से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। अब्बास मस्तान ने उनकी इस फिल्म का निर्देशन किया था। इसमें कपिल के साथ अरबाज खान, एली अवराम और वरुण शर्मा जैसे कलाकार भी नजर आए थे। हालांकि, 2015 में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाई नहीं की।

शब्द सामर्थ्य- 272

बाएं से दाएं
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 271का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		र्या			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

सू-दोकू- 272

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.271का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6